हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## मैदान की जगह रोड में पार्क कर रहे गाड़ी

कोतवाली से नगर निगम जाने वाले मार्ग पर गांधी मैदान में वाहन पार्क करने व्यवस्था की गई है। बावजूद इसके कई कार चालक गांधी मैदान की जगह पुलिस क्वार्टर के सामने रोड पर गाड़ी पार्क कर रहे हैं। इसके चलते मार्ग की चौड़ाई कम हो गई है। इस वजह से कोतवाली से नगर निगम जाने वाले मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

*शहर के ज्यादातर व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस नदारद*

# दीपावली से बड़ा 'धमाका', जगह-जगह जाम में फंस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुष्य नक्षत्र के दूसरे दिन बुधवार को भी राजधानी के ज्यादातर बाजारों में खरीदारी करने वालों की भीड़ रही। खरीदारी करने आने वालों की वजह से शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति रही। लोग जाम में फंसते रहे। प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक पुलिस की संख्या जितनी होनी चाहिए थी, उस लिहाज से संख्या बल कम दिखी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इस वजह से लग रहा जाम

जानकार पर्व के समय शहर में जाम लगने का बड़ा कारण वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से गाड़ी चलाने को मान रहे हैं। जानकारों के अनुसार वाहन चालक जल्दी जाने के लिए लेन छोड़कर जहां जगह मिल रही है।



### ट्रैफिक का दबाव ढाई गुना

*सामान्य दिनों में सदर बाजार में पीक टाइम में ट्रैफिक का दबाव प्रति घंटे 10 हजार गाड़ियों का रहता है। दीपावली में ट्रैफिक दबाव ढाई गुना तक बढ़ जाता है। इस लिहाज से पर्व के समय सदर बाजार में प्रति घंटा 20 से 25 हजार तक है। इसी अनुपात में शहर के अन्य क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है।*

### खनिज परिवहन वाले ट्रकों को आउटर में रोका जा रहा

*पर्व के समय ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने रायपुर आते हैं। इस वजह से हाईवे में छोटी गाड़ियों की संख्या बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एक माह के लिए रायपुर तथा अन्य के लिए धमतरी, जगदलपुर से आयरन ओर, सीमेंट एवं कोयला परिवहन करने वाले ट्रकों को एक माह के लिए शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक आउटर में रोकने की व्यवस्था की गई है।*

## खबर संक्षेप

### 42 टंकियों से आज शाम नहीं आएगा पानी, 6 घंटे रहेगा शट डाउन

**रायपुर।** शहर के 75 फीसदी इलाकों में गुरुवार शाम जल आपूर्ति नहीं होगी। बिजली विभाग द्वारा 33 केवी लाइन में संधारण कार्य की वजह से 6 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण फिल्टर प्लांट की बिजली प्रभावित होने से शहर की 42 पानी टंकियां नहीं भर पाएंगी। संधारण का कार्य पूरा होने के बाद निगम का जल विभाग शाम 5 बजे से प्रभावित टंकियों को भरना शुरू करेगा। जलभराव के बाद 17 अक्टूबर की सुबह नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी। दरअसल, दीपावली पर्व के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी 33 केवी लाइन के संधारण का कार्य करने जा रही है। इसके कारण 16 अक्टूबर को 6 घंटे का शटडाउन रहेगा। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 80 एमएलडी, 150 एमएलडी प्लांट और 80 एमएलडी के नया प्लांट से भरने वाली 42 पानी टंकियां इससे प्रभावित रहेंगी।

### शराब घोटाले में चैतन्य सहित 4 की न्यायिक रिमांड 28 तक

**रायपुर।** शराब घोटाला में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य, निरंजन दास, नीतेश पुरोहित और दीपेश चावड़ा की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद 28 अक्टूबर को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। बताया जाता है कि चैतन्य के खिलाफ ईओडब्ल्यू चालान पेश करने वाली थी, लेकिन किसी कारणवश पेश नहीं किया गया। बता दें कि शराब घोटाले में ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य के जन्मदिन पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया था।

### संवाद अधिकारी से हुज्जतबाजी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजीव तिवारी के साथ हुज्जतबाजी तथा संवाद कार्यालय में तोड़फोड़ करने के एक फरार आरोपी को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। अधिकारी के साथ हुज्जतबाजी करने वालों के खिलाफ संवाद के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ राखी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

*त्योहारी सफर हुआ महंगा, जाने की तुलना में रायपुर आना ज्यादा खर्चीला*

# दिवाली में मुसाफिरों का दिवाला, ट्रेनें पैक, फ्लाइट और बसों का किराया दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दो दिन बाद होने वाली दिवाली की छुट्टी मनाने घर आना अब खर्चीला हो गया है। लंबी दूरी की ट्रेनों का टिकट महीनेभर पहले बुक हो चुका है। सीटें कम होने की वजह से बसों का किराया सामान्य से दोगुना हो चुका और विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट का किराया भी आसमान तक पहुंचने लगा है। यात्रियों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्टूबर में यात्रा सामान्य होने की उम्मीद नहीं है।

दीपावली की छुट्टियां मनाने दूसरे शहरों में रहकर पढ़ाई करने वाला विद्यार्थी वर्ग और नौकरी पेशा वाले अपने घर आते हैं। इसकी वजह से परिवहन के साधनों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती ▶▶ शेष पेज 6 पर



**ट्रेनों का टिकट महीनेभर पहले से बुक, फ्लाइट का किराया लगातार बढ़ रहा**

### बस-फ्लाइट का ऐसा हाल

| शहर | बस | फ्लाइट |
|---|---|---|
| इंदौर | 16 से 24 सौ | 42 सौ से 13 हजार |
| पुणे | 25 से 47 सौ | 4 से 20 हजार |
| बेंगलुरु | 13 सौ से 5 हजार | 7 से 16 हजार |
| हैदराबाद | 1 से 4 हजार | 48 सौ से 17 हजार |
| भोपाल | 24 सौ से 3 हजार | 3 से 8 हजार |

### ट्रेनों में बनाया गया होल्डिंग एरिया

त्योहार में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन में अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया सिस्टम लागू किया गया है। इस सिस्टम में किसी ट्रेन के यात्रियों को प्लेटफार्म में आने के आधे घंटे पहले रेलवे स्टेशन के भीतर प्रवेश दिया जा रहा है। इसके पूर्व यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोककर रखा जाता है। इस सिस्टम को लागू करने के बाद प्लेटफार्म में उन्हीं यात्रियों की उपस्थिति होती है, जो प्लेटफार्म में आने वाली ट्रेन में सफर करने वाले होते हैं।

### एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई

यात्रियों की संख्या और त्योहार के मद्देनजर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। यहां से संचालित होने वाली ज्यादातर फ्लाइट फुल होकर आवाजाही कर रही है। विमानतल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि रायपुर में विभिन्न शहरों से आने वाले विमानों में 25 से 30 हजार यात्री पहुंच रहे हैं। विमानों में भीड़ वाली स्थिति इस माह के अंत तक रहने की संभावना है।

# बीएससी में अपग्रेड सीट काउंसिलिंग में शामिल नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश का आवेदन अब 17 तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड हुई निजी नर्सिंग कालेजों की करीब 14 सौ सीट काउंसिलिंग में शामिल कर ली गई है। हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। कालेज और एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों को सीटों के शेड्यूल जारी किए जाने का इंतजार है। वहीं कालेजों में सीटों की स्थिति को भी विभागीय स्तर पर सार्वजनिक नहीं किया गया है। तीस से अधिक निजी कालेजों की सीट ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए हजार रुपए शुल्क

नर्सिंग काउंसिलिंग समिति के अध्यक्ष ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन के लिए अनारक्षित और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 1 हजार और अनुसूचित जाति-जनजाति के उम्मीदवारों को 500 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

ऑनलाईन आवेदन में किसी तरह की गलती हो जाने पर त्रुटि सुधार के लिए 1 हजार रुपए शुल्क तय किया गया है। त्रुटि सुधार के समय पहले दिए गए ई-मेल एवं मोबाईल नंबर में कोई परिवर्तन नहीं हो सकेगा।

# शहर बढ़ गया, काम भी बढ़ा, पर निगम अमला जस का तस, काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम में पिछले 10 साल से सेटअप पुनरीक्षण नहीं होने से विभिन्न विभागों में अमले का टोटा बना हुआ है। हालत ये है, सफाई से लेकर राजस्व, उद्यान, जल विभाग, नगर निवेश सहित अन्य विभागों में कर्मचारी, अधिकारियों की कमी होने से कार्य प्रभावित होने लगा है, जबकि वार्ड पुनर्गठन के पहले जहां रायपुर नगर निगम में 8 जोन थे, बाद में संख्या बढ़कर 10 हो गई। दो नए जोन के हिसाब से अतिरिक्त अमला नहीं बढ़ाया गया। कार्य क्षेत्र बढ़ने से जहां काम का दबाव बढ़ा है, वहीं अमले की कमी से कार्य प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन ने पत्र लिखकर नगर निगम से इसकी जानकारी मांगी है। निगम आयुक्त के आदेश पर रिवाइज सेटअप बनाकर संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है। पत्र में यह भी लिखा है कि सीधी भर्ती के लिए एमआईसी और सामान्य सभा से संकल्प पारित कर प्रस्ताव भेजा जाए।

- राज्य शासन ने पत्र जारी कर मांगी जानकारी, सेटअप रिवाइज कर भेजा



दरअसल, प्रदेश का सबसे बड़ा नगर निगम अमले की कमी से जूझ रहा है। दशकभर से नगर निगम का सेटअप रिवाइज नहीं होने से यह स्थिति निर्मित हुई है। हालत ये है कि शहर की सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए नए प्रस्तावित सेटअप के हिसाब से दस जोन के 70 वार्डों के लिए 100 स्वच्छता पर्यवेक्षक होने चाहिए, जबकि पुराने सेटअप के अनुसार इस पद की नियमित भर्ती के लिए 32 पद स्वीकृत हैं। यानी स्वच्छता पर्यवेक्षक के 52 नियमित पद पर भर्ती की आवश्यकता है। उप अभियंता के पुनरीक्षित सेटअप हिसाब से 131 पद प्रस्तावित हैं, इनमें से 24 पद रिक्त हैं। अपर आयुक्त के 4 पद प्रस्तावित हैं, इनमें से 2 पद खाली हैं।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे चल रहा काम

डिजिटल और सूचना क्रांति के युग में कंप्यूटर आपरेटर, प्रोग्रामर, टेक्निकल स्टाफ की नियमित भर्ती नहीं की गई है। नगरीय निकायों में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कम वेतन पर प्लेसमेंट कर्मचारी रखकर काम चलाया जा रहा है। 10 से 15 साल काम करने के बाद इन कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं करने पर इनमें आक्रोश की स्थिति व्याप्त है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेशभर के नगरीय निकायों में प्लेसमेंट पर 25 हजार कर्मचारी व अधिकारी काम कर रहे हैं। यहां तक कि नगर निगम के मोटर वर्कशाप से लेकर अन्य विभागों के वाहन चालक प्लेसमेंट पर रखे गए हैं। इनकी नियमित भर्ती अरसे से नहीं हुई है। हाल ही में रायपुर नगर निगम की परिषद ने 87 वाहन चालक प्लेसमेंट पर दर पर रखने एमआईसी से प्रस्ताव पारित किया है।




**पहले भी दे चुके हैं अतिरिक्त अवसर, इसके बाद भी सुधार नहीं**

# छोटा नहीं, पूरा लिखना होगा अभिभावकों का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों की सूची यानी लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स-एलओसी में भरे गए विवरणों में बदलाव का मौका देते हुए सुधार विंडो खोली है। बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों से अपील की है कि वे 2025-26 सत्र के लिए तैयार की गई लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स में दर्ज सभी जानकारियों की जांच करें और यदि कोई गलती है तो उसे जल्द से जल्द सुधार लें। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, एलओसी डेटा सुधार की विंडो 13 अक्टूबर से खुल चुकी है और यह 27 अक्टूबर तक सक्रिय रहेगी। इससे पहले



27 अगस्त और 18 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचनाओं में सीबीएसई ने स्कूल प्राचार्यों को निर्देश दिया था कि वे विद्यार्थियों का डेटा सही-सही जमा करें। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इसके बाद एलओसी डेटा में सुधार का कोई और मौका नहीं मिलेगा। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों और अभिभावकों को इस शेड्यूल की जानकारी दें और तय समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक बदलाव सुनिश्चित करें।

### मिलेगी डेटा वेरिफिकेशन स्लिप

*बोर्ड के अनुसार, एलओसी जमा करने के बाद छात्रों और अभिभावकों को एक डेटा वेरिफिकेशन स्लिप दी जाती है, ताकि वे नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि और विषयों जैसी प्रमुख जानकारियों की जांच कर सकें। यह सुधार विंडो छात्रों, अभिभावकों और स्कूलों को इन जानकारियों में आवश्यक बदलाव करने का अंतिम अवसर प्रदान करती है। सीबीएसई ने अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण सलाह भी दी है। इसमें बोर्ड ने कहा है कि छात्र का नाम, जन्मतिथि और माता-पिता के नाम पूर्ण रूप से लिखा जाए ना कि संक्षिप्त रूप से। उपनाम अवश्य जोड़ा जाए, खासकर उन छात्रों के लिए जो विदेश में पढ़ाई की योजना बना रहे हैं। विषयों का चयन सावधानीपूर्वक किया जाए, क्योंकि सुधार अवधि के बाद कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

धनतेरस, दिपावली एवं भाईदूज, शुभ मंगलकारी हो...



NAGINA

नगीना GEMS

रत्नों का अनुपम आकर्षक खजाना

सदर बाजार, रायपुर, मो. 9669992999, 0771-2555623



Lab Grown Diamond

असली से कम नही

अर्हम जेम्स टेस्टिंग लेब

सही दाम, सही काम, सही नाम

अरिहंत-दर्शन

जैन गर्ल्स हॉस्टल




शुद्ध, स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन

एयरकंडिशन | लिफ्ट,सीसी टीवी | ई-रिक्शा

आर.ओ. पानी | स्टडी रूम | पार्किंग सुविधा

लक्ष्मी नगर, पचपेढ़ी नाका, रायपुर, फो. 0771-2996595

94252-06595 | 99936-87182

ATUL PUBLICITY

राजश्री बुटिक

सदर बाजार, रायपुर, मो. 94255-01991

Arihant O.T. & Surgical

औषधी वाटिका, डूमरतराई, रायपुर, मो. 98262-46666

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




## कैंपस लाइव

### स्कूल कैम्पस में भी मंडल ने सजाए स्टाल्स, बिखरी व्यंजनों की सुगंध



**रायपुर।** हर साल की तरह महाराष्ट्र मंडल और संत ज्ञानेश्वर स्कूल में व्यंजनों का स्टाल शुरू हो गया है। पहले दिन स्टाल को बच्चों और अभिभावकों के साथ ही प्रियदर्शिनी नगर के लोगों से अच्छा रिस्पांस मिला है। मंडल कैम्पस में सजे स्टाल में भी आसपास के लोगों द्वारा खरीदी की जा रही है। मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने बताया कि संस्था के मेस प्रकल्प दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ लगभग एक दशक से दिवाली व्यंजन बना रहा है। इस प्रयास को प्रति वर्ष की तरह सभी सभासदों की ओर से व्यंजनों की बुकिंग के रूप में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। साथ ही दूसरे समाजों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों व उद्योगों के ओर से रिस्पांस मिला है। जल्दी ही शंकर नगर स्थित बाल वाचनालय व समता कालोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह में व्यंजनों के स्टाल खोले जाएंगे। इससे होने वाली इनकम से बेटियों को उत्सव मनाने का अवसर दिया जाता है।

#### हर साल सहायतार्थ स्टाल्स को अच्छा रिस्पांस

इस वर्ष भी मांग के अनुरूप 225, 350 और 375 रुपए के आकर्षक गिफ्ट पैक उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसको लेकर कई संस्थानों ने अपने ऑर्डर बुक करवाए हैं। चेतन दंडवते ने बताया कि उपहार के रूप में देने के लिए शुद्ध और स्वादिष्ट गिफ्ट पैक के अलावा और कौन सा विकल्प हो सकता है, जिसमें खारे और मीठे व्यंजनों का शानदार संयोजन हो। मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले ने बताया कि स्टाल में चिवड़ा सादा, चिवड़ा (प्याज-लहसून) चकली, सेव (सादा), (लहसून वाला), शक्करपारा, सलोनी, अनरसा (शुद्ध घी), बेसन लड्डू (शुद्ध घी), काजू कतली, भुजिया (करंजी शुद्ध घी), बालू शाही और मठरी उपलब्ध हैं। इन व्यंजनों को लोग दिव्यांग बेटियों के सहायतार्थ हर साल अच्छा रिस्पांस देते हैं।

## सिटी लाइव

### शल्य क्रिया में निश्चेतना की अहम भूमिका, आज विशेषज्ञ भी बताएंगे



**रायपुर।** शल्य क्रिया के समय मरीज को दर्द ना हो, इसके लिए प्राचीन काल से अब तक कई बदलाव देखने को मिले। इनमें निश्चेतना विज्ञान की अहम भूमिका रही है। शरीर या किसी अंग को उस स्थिति में पहुंचाना, जिससे मरीज को किसी प्रकार के दर्द का एहसास न होने पाए। 16 अक्टूबर 1846 बोस्टन के मैसेज शूट्स जनरल हॉस्पिटल में मोर्टोन ने इसका प्रयोग पूरी तरह से निश्चेतना के लिए किया। इस स्वर्णिम दिन की याद में 16 अक्टूबर को विश्व निश्चेतना दिवस मनाया जाता है। इस श्रृंखला में गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में जागरुकता के लिए अभियान चलाते हुए आयोजन भी किए जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप शर्मा और डॉ. सुधीर टिचकुले ने दी।

#### नवंबर में पांच दिन होगा नेशनल कांफ्रेन्स

इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स की रायपुर इकाई ने अतीत में कई रीजनल, जोनल और स्टेट कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस बार रायपुर में पहली बार नेशनल कॉन्फ्रेंस का होगा। 25 से 30 नवंबर के बीच होने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के निश्चेतना सम्मेलन में 50 अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ और 3500 राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपने व्याख्यान और अनुभव साझा करेंगे। देश -दुनिया के एक्सपर्ट अलग-अलग विषयों को लेकर मंथन करेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स का विशेष प्रतिनिधि मंडल भी शामिल होने वाला है।

## लाइव इवेंट

### ज़िक्र ए चांदनी थीम पर क्वीन्स ने गीत-गजलों से सजाया मंच



रायपुर। शहर में रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स की मंशा सिर्फ सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है। आपस में रिश्तों को मज़बूत बनाने और एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना बढ़ाना भी उतना ही ज़रूरी है। इस मकसद के साथ रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स हर आयोजन में सामाजिक सरोकार के साथ मित्रता और एकता का सुंदर संदेश देती है। एक जादुई और आत्मीय संध्या के साथ रोटरी क्लब ऑफ क्वीन्स ने अपनी वार्षिक इन-हाउस फेलोशिप 'जिक्र-ए-चांदनी' मनाई। इससे मेंबर्स में आपसी प्रेम, गर्मजोशी और मेलजोल को मजबूत करने के लिए यह पहल समर्पित थी। उज्जवल परिधान में 80 से अधिक क्वीन्ल ने इस अवसर को खास बनाया। सफेद और सिल्वर थीम में सजावट ने पवित्रता, शांति और त्योहार की चमक को दर्शाया। जिक्र ए चांदनी की श्रृंखला में रेणुका आदिल की मनमोहक ग़ज़लों ने हर दिल में जगह बनाई।

#### सजावट और व्यवस्था में चार चांद लगा दिए

चेयरपर्सन वसुंधरा मंधान, निर्मल चावला, अध्यक्ष दिपिन्दर कौर रेहाल के साथ सचिव प्रभजीत कौर भाटिया के कुशल मार्गदर्शन में यह इवेंट खास रहा। इसमें सजावट और व्यवस्थाओं में चार चांद लगा दिए। दिवाली से पहले मेंबर्स को दिए गए विचारशील गिफ्ट्स ने उत्सव में खुशी और प्रेम का रंग भरने का काम किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए रोटरी के मूल सिद्धांत 'फेलोशिप विथ सोशल सर्विस' का प्रतीक बनाया। क्वीन्स ऑफ रायपुर के मजबूत बंधन की याद दिलाई।

### यंग इंडिया के आयोजन में शामिल हुए बालीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी, फैंस के सवालों का बेबाक अंदाज में दिया जवाब

# 12th फेल की स्टोरी ऑडियंश को लगी अपनी किरदार में उतरने पढ़ी थी 160 पन्नों की पुस्तक

**12th फेल हिंदी मूवी की बात करें तो मनोज शर्मा में लोगों ने अपनी छवी देखी। 12th फेल एक पुस्तक पर आधारित हिंदी फिल्म थी। अनुराग पाठक लिखित किताब पर विधु विनोद चोपड़ा ने फिल्म बनाने की सोची। इस फिल्म में हीरो की भूमिका के लिए राजकुमार हिरानी ने मेरा नाम विधु विनोद चोपड़ा को रिकमेंड किया। मुझे यह किताब '12वीं फेल: हारा वही जो लड़ा नहीं' दिया गया, जो 160 पन्ने की थी।**



**रायपुर।** फिल्म के किरदार में उतरने के लिए मैंने दो, ढाई बजे रात-रात तक पढ़ी। पुस्तक पढ़ने के बाद मेरा संकल्प दृढ़ हुआ कि मैं ही इस भूमिका को निभाऊंगा। किताब पढ़कर रो पड़ा। इस किरदार को निभाने आगे और भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आखिरकार यह फिल्म सफल हुई। मैंने सोचा नहीं था की इस फिल्म से मुझे 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवार्ड मिलेगा। यह बात बुधवार को वीआईपी रोड स्थित एक होटल में आयोजित यंग इंडिया के कार्यक्रम में 12th फेल हिंदी मूवी से नेशनल अवॉर्डी अभिनेता विक्रांत मैसी ने कही। वह यंग इंडिया के एक टॉक शो कार्यक्रम में शामिल होने राजधानी पहुंचे। यंग इंडिया के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल व ग्रुप ने टॉक शो में अभिनेता से उनके टीवी से सिनेमा तक के सफर के पीछे की संघर्ष व सफलता के बारे में सवाल पूछे, जिनके जवाब देते हुए अभिनेता ने अपनी फिल्मी सफर की कहानी साझा की। कार्यक्रम में यंग इंडिया रायपुर चेयर गौरव अग्रवाल और को-चेयर पंकज सोमानी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल की टीम के प्रयासों की सराहना की। अंकिता गर्ग और अंजली केजरीवाल (को-चेयर) के नेतृत्व में यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा।

#### सच्ची और प्रेरणादायक कहानी पर आधारित फिल्म

अभिनेता ने बताया कि अनुराग पाठक की किताब '12वीं फेल: हारा वही जो लड़ा नहीं' एक आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है। यह किताब एक ऐसे छात्र की संघर्ष यात्रा को बयां करती है ,जो अपनी आर्थिक और शैक्षणिक कठिनाइयों से जूझते हुए भी विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करके आईपीएस अधिकारी बनता है।



#### मिर्जापुर सीजन 4 आ रहा

अभिनेता ने बताया कि उनकी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मिर्जापुर सीजन 4 आ रहा है। उन्होंने पिछले 3 सीजन की तरह प्यार देने की ऑडियंस से अपील की। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों के बारे में बताते हुए ब्लैक आउट, क्रिमिनल जस्टिस, सेक्टर 36, द साबरमती रिपोर्ट, छपाक का जिक्र किया।

#### फैंस से हुए रूबरू, क्लिक किए सेल्फी

यंग इंडिया के चेयर व ऑडियंस ने उनसे 12**th fail** के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने के पीछे उनके संघर्ष को पूछा। अभिनेता ने यंग इंडिया के मंच से ऑडियंस के सवालों का बेबाकी भरे अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने बताया कि वह मुंबई वरसोवा के एक मीडिल क्लास परिवार से आते हैं। उनके घर के पीछे ही फिल्मों की शूटिंग हुआ करता था। तभी से एक्टिंग करने का कीड़ा लगा और यह समय के साथ पैशन बन गया और आज मैं यहां यंग इंडिया के मंच पर हूं। सवाल-जवाब सेशन के बाद कार्यक्रम के अंत में अभिनेता ने फैंस के साथ सेल्फी खिंचाई।

#### 2013 में 'लुटेरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया

मैसी को 'मिर्जापुर' और 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' जैसे वेब शो के लिए भी जाना जाता है। मैसी ने 2013 में 'लुटेरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया और 'दिल धड़कने दो' जैसी फिल्मों में सहायक भूमिकाएं निभाईं। उन्हें 2017 में 'अ डेथ इन द गंज' से मुख्य भूमिका मिली। उनकी पहचान ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 'मिर्जापुर' और 'क्रिमिनल जस्टिस' जैसी वेब सीरीज से मिली। दीपिका पादुकोण के साथ 'छपाक' में भी उनकी भूमिका सराही गई।



### प्री- दीपावली सेलिब्रेशन, सदाबहार गीतों में झूमती दिखीं महिलाएं








**रायपुर।** एक प्यार का नगमा है...ये शाम मस्तानी...फूलों सा चेहरा तेरा...सदाबहार गीतों के बीच 'प्री-दीपावली सेलिब्रेशन' का आयोजन शहर में किया गया। रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस द्वारा आयोजित 'सरगम ए दिवाली' कार्यक्रम में क्लब की सदस्य इंडियन और वेस्टर्न वेयर के खूबसूरत आउटफिट्स में नजर आईं। बुधवार को ललित महल में आयोजित अंताक्षरी स्पर्धा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसमें बॉलीवुड फिल्मी गीतों की धूम मची रही। गाने के साथ -साथ महिलाएं झूमती नजर आईं। इस खास मौके पर श्वेता अग्रवाल, राखी काबरा, एकता अग्रवाल की शानदार जोड़ी ने विजेता पुरस्कार हासिल किया। अंताक्षरी स्पर्धा में 3 राउंड हुए, इसमें 50 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरू अग्रवाल ने की।

#### नन्हे बच्चों की मुस्कान से सजा पर्व



दीपावली से पहले शहर के आर्ना फाउंडेशन द्वारा अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में यादगार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां जरूरतमंद और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर रखा गया, खास अवसर पर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और नेत्र जांच कर उपचार की प्रक्रिया की गई। संस्थान की ओर से छात्रों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर और पटाखे जलाते हुए, दीपावली की शुभकामनाएं भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डी एस मिश्रा, विशेष अतिथि पीयूष जैन और संस्थान की अध्यक्ष रुना शर्मा शामिल हुईं।

### एक दीया राम के नाम, रेलवे स्टेशन पर संस्था की पहल




*रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई ने 'एक दीया श्रीराम के नाम' कार्यक्रम का आयोजन रायपुर रेलवे स्टेशन में किया। दीया और रंगोली वितरण को लेकर की गई पहल में बड़ी संख्या में यात्री भी शामिल हुए। काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ की मौजूदगी में कुली, सफाई कर्मचारी और यात्रियों को सामग्री वितरित की गई। इसे लेने के लिए लोगों का आना-जाना लगा रहा। महासमुंद निवासी रामलाल साहू को जैसे ही दीए का पैकेट मिला, उन्होंने उसे प्रणाम करते हुए जय श्रीराम का जयघोष किया। आयोजन में शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी, सिंधी काउंसिल के मोहन वलयानी, किशोर आहूजा, तेजकुमार बजाज, धनेश मटलानी, अमर लाल वालेचा, सुरेश सचदेव, महेश खिलनानी और सुनील कुकरेजा शामिल हुए।*

### छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात के पारंपरिक लोक गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति



*रायपुर। रविवि परिसर स्थित भौतिकी, खगोल भौतिकी अध्ययन शाला, सेंटर फॉर नैनो साइंस, नैनो टेक्नोलॉजी और मिशिगन टैक यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मैटेरियल मॉडलिंग एंड सिमुलेशन के चौथे दिन भौतिकी विभाग के सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जहां विभिन्न राज्यों के विशेष लोक गीतों की प्रस्तुति छात्रों द्वारा दी गई। शानदार आयोजन के बीच छत्तीसगढ़ी एवं राजस्थानी संस्कृति की खास छटा छात्रों ने मंच पर बिखेरी। पारंपरिक त्योहार तीज और सुवा गीत को मुख्य रूप से दर्शाया गया है। कॉलेज परिसर में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन गुरुवार को किया जाएगा। इस दौरान छात्रों के लिए विशेष प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन भी किया जा रहा है।*

### गांधी मैदान स्थित रंगमंदिर में अग्रगामी नाट्य समिति की प्रस्तुति ने दर्शकों से लूटी वाहवाही

कार्नर न्यूज

# दासता में फंसे वर्तमान गुरुओं पर चोट, 'एक और द्रोणाचार्य'

**रायपुर।** राजकीय दासता के चंगुल में फंसे आज के द्रोणाचार्य रूपी प्रोफेसर ने सुविधा की आस में किस तरह से चंदू नाम के होनहार विद्यार्थी को नकल के एक झूठे प्रकरण में फंसाते हुए प्रेसिडेंट के बेटे का बचाव किया। चंदू की प्रतिभा को लालसा को पूरी करने के लिए प्रोफेसर वर्तमान दौर में भी दफन कर रहे हैं, इसे ही नाट्य संवादों के जरिए अग्रगामी नाट्य समिति रायपुर की प्रस्तुति में संजोने का प्रयास किया गया। इसे वरिष्ठ रंग कर्मियों के साथ युवा कलाकारों ने किरदार निभाते हुए जीवंत करने का प्रयास किया। गांधी मैदान स्थित रंगमंदिर में निर्देशक जलील रिजवी और लेखक शंकर शेष के मार्गदर्शन में इस मंचीय प्रस्तुति की संयोजिका नूतन रिजवी ने अदाकारी से भी दर्शकों के बीच अपने अभिनय की छाप छोड़ने का प्रयास किया। मंच पर संवादों के साथ एक और द्रोणाचार्य जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था, दर्शकों को पौराणिक प्रसंग से जुड़ी कहानी वर्तमान दौर में भी जीवंत हो रही थी।





#### इन कलाकारों ने प्रस्तुति से छोड़ी छाप

मंच पर प्रो. अरविंद की भूमिका अजहरुद्दीन सिद्दीक़ी, लीला के रूप में सौम्या रिज़वी, द्रोणाचार्य का किरदार आचार्य रंजन मोड़क, कृपी- नूतन रिज़वी, द्रोणाचार्य आदित्य देवांगन, अलका दुबे दीवान, प्रेसिडेंट - प्रकाश खांडेकर, प्रिंसिपल के रूप में विजय श्रीवास्तव, ऋषिता शुक्ला, मंगेश यादव, चंदू का किरदार सूर्या सोनी ने बखूबी निभाया। इसी तरह बलवंत सिंह खन्ना, अजय चटर्जी, ऐश्वर्य वाघ ने भी बखूबी अपने किरदार को निभाया। इस बीच मंच संचालन का दायित्व डॉ. अनुराधा दुबे ने निभाया। मंच पर रक्षित वाहने, बेबी अंबी पाठक ने भी अपने एक्टिंग से लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

#### जाने कितनी ही प्रतिभाएं भेंट चढ़ रहीं



दर्शकों को रंग कर्मियों ने करीब एक घंटे तक चली नाट्य प्रस्तुति के बीच यह एहसास कराया कि वर्तमान समय में भी जाने कितने ही एकलब्य और कर्ण रूपी प्रतिभाएं ऊंची पहुंच के दबाव में दफन हो रही हैं। वर्तमान दौर में कितने ही द्रोणाचार्य किसी एक चहेते को श्रेष्ठ बनाने के लिए किस तरह से प्रतिभाओं को भेंट चढ़ा रहे हैं। कुछ इसी तरह के ताने-बाने से गुथी कहानी संवादों के जरिए मंचीय प्रस्तुति का हिस्सा बनी। इस कालजयी नाटक को मंच पर पेश करते हुए कलाकार ने संवादों से किरदार के साथ न्याय करने का सुन्दर प्रयास किया। दर्शकों से भी इस कालजयी प्रस्तुति को अच्छा रिस्पांस मिला।


DELUX MARKETING
फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक
की सम्पूर्ण रेंज
9981475490, 8120059000,9589875490
Opp.:- Sumeet Bazar, Beside Sun & Sun Jewellers,
Lakhe Nagar Dhal, Raipur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### कोहका मार्ग की सरकारी जमीन से किया बेदखल

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा से कोहका मार्ग पर वृन्दावन कॉलोनी के सामने शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।

नेवरा से कॉलेज मार्ग पर वृंदावन कॉलोनी के सामने स्थित एक बड़े शासकीय जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था जिसको आज तहसील अमला द्वारा जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया।

उक्त शासकीय जमीन पर अतिक्रमण को आज तोड़ा गया है जहां पर तहसीलदार राम प्रसाद बघेल, नायब तहसीलदार टोमन कुमार, पटवारी गण, कोटवार आदि की उपस्थिति में बुधवार दोपहर उक्त शासकीय जमीन पर अतिक्रमण को ढहाया गया है, बाउंड्री वाल सहित कॉलम को तोड़ा गया।

### दिवाली पूर्व 3 प्रतिशत डीए व वेतन की मांग

**आरंग।** पंच दिवसीय धार्मिक पर्व का शुभारंभ 18 अक्टूबर धनतरेस से होने जा रहा है और 20 अक्टूबर को दीवाली मनाई जाएगी। शिक्षक कल्याण संघ आरंग प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान, शिक्षक टी के कोटरे, अरुण कुमार धीवर, आर एस कुंजे, राकेश देवांगन, वीरसिंग ध्रुव, गणेशराम साहू, धनंजय साहू, रोमेश चंद्राकर, जितेंद्र देवांगन, राजू चंद्राकर ने दीवाली को ध्यान में रखते हुए शासन से विशेष आदेश जारी कर दीवाली पूर्व वेतन भुगतान की मांग की है ताकि राज्य कर्मचारीगण हर वर्ष की तरह धूमधाम से दीवाली मना सके। प्रवक्ता दीवान ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में दीवाली पर्व की तैयारी जोरो पर है त्योहारी सीजन में महंगाई आसमान छू रही है वेतन के अभाव में आर्थिक संतुलन बिगड़ने के कारण दीवाली की रौनक फीकी पड़ सकती है। अतः उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शासन से संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दीवाली पूर्व 3% डी ए तथा वेतन भुगतान का आग्रह किया है साथ ही उन्होंने स्वीपरो के लंबित मानदेय जारी करने का आग्रह किया है।

# श्रीराम विजय व रावण वध प्रसंग के साथ तारासिव में रामलीला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा के समीपस्थ ग्राम ताराशिव में सप्त दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का विशाल आयोजन काशी विश्वनाथ की नगरी बनारस से आए कलाकारों द्वारा हिंदू संस्कृति एवं जगत कल्याण, तथा धर्म रक्षा के लिए ग्राम ताराशिव के मानस भवन बाजार चौक में आयोजित किया गया। ग्राम ताराशिव में सात दिनों तक चले रामलीला महोत्सव का समापन रावण वध एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की राज्याभिषेक से हुआ। भगवान श्री राम हरि विष्णु के अवतार माने जाते हैं।जब पृथ्वी पर रावण नाम के राक्षस ने देवताओं को अपने अधीन कर लिया और जहां भी यज्ञ, श्राद्ध ,वेद पुराण कथा होती वहां उनके भेजे राक्षस बहुत उत्पात मचाते।जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ गए तो पृथ्वी गाय का रूप धारण कर ब्रह्मा जी के पास गई।ब्रह्मा जी के साथ मिलकर सब ने भगवान विष्णु की स्तुति की तब आकाशवाणी हुई मैं सूर्यवंश में मनुष्य रूप में अवतार लूंगा।यह सुनकर पृथ्वी निर्भय हो गई। रावण दस सिरों वाला लंका का राजा था।जो शिव जी के परम भक्त,एक महान विद्वान और कुशल वीणा वादक था।भगवान राम द्वारा रावण के नाभि पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया जिससे उसकी नाभि में स्थित अमृत समाप्त हो गया। इसके बाद श्री राम ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया और शेष तीस तीरों में उसके शरीर को काट गिराया।श्री राम ने रावण का वध सीता के अपहरण और अधर्म के अंत के लिए किया था। रावण के अहंकार,अत्याचारों और दुराचार के कारण उसे मारा गया ताकि धर्म और न्याय की स्थापना हो सके।



### लीला का लिया आनंद

सात दिनों तक चले विभिन्न लीलाओं का मंचन देखने के लिए दूर दराज के लोगों की भीड़ पंडाल तक पहुंची। प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से रात 10:30 तक चलने वाले रामलीला महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत ताराशिव द्वारा कराया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमति स्वाती वर्मा,सरपंच पूर्णिमा मनीष कुमार वर्मा, हेमन्त वर्मा उपसरपंच, (पंचगण) गंगा साहू, मानमती वर्मा, दिनेश वर्मा, हेमलता साहू, मैना वर्मा,विद्या वर्मा, कृपाराम वर्मा,सुरेश यादव, उषा साहू, बलराम वर्मा,कपिल नारायण शर्मा, रामाधार वर्मा, भुलऊराम वर्मा (पूर्व सरपंच),मनीष कुमार वर्मा (पूर्व सरपंच),जितेन्द्र वर्मा, रामचंद्र तिवारी,राम लाल वर्मा,अनिल नायक,राज वर्मा, तारकेश्वर साहू , नितिन,विनोद वर्मा,सुनील धुरंधर, सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्तजनों उपस्थित रहे।

## स्थाई-अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग ने जारी की है गाइड लाइन

# गाइड लाइन का पालन नहीं, टिन की जगह बांस-कपड़ों के लग गए शेड, अग्निशामक यंत्र, पानी का इंतजाम भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्थाई एवं अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग ने गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत पटाखा की दुकान पक्के भवन या फिर टिन शेड से बने टेंट में लगाई जाना है, लेकिन इस नियम का पालन लाखेनगर ईदगाहभाठा मैदान पर लगे पटाखा बाजार में तो किया जा रहा है, लेकिन अन्य कई जगहों पर बांस और कपड़ों से टेंट बनाकर दुकानें खोल ली गई हैं। इसके अलावा इन दुकानों में अग्निशामक यंत्र, ड्रम, बाल्टी एवं पानी आदि की भी व्यवस्था नहीं है। इसके कारण इन पटाखा दुकानों में अगर आग लगती है, तो बड़ा हादसा भी हो सकता है, जिसमें लोगों की जानें भी जा सकती हैं।

हरिभूमि ने बुधवार को शहर में दीपावली त्योहार के लिए शहर में सजी पटाखा की स्थाई एवं अस्थाई दुकानों में जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन पटाखा दुकानों के संचालक कर रहे है या नहीं, इसकी पड़ताल की। इस दौरान सबसे पहले लाखेनगर ईदगाह भाठा मैदान में नगर निगम द्वारा लगाए गए पटाखा बाजार की पड़ताल की। इस दौरान यहां न ही पानी टैंकर मिला और न ही फायरब्रिगेड की गाड़ी खड़ी मिली। इन दुकानों को टिन शेड से जरूर बनाया गया है, लेकिन इस शेड के सामने ग्राहकों को धूप और बारिश से बचाने के लिए बांस और कपड़ों के शेड भी लगाए गए हैं, वहीं कई दुकानों में अग्निशामक यंत्र भी नहीं पाए गए, जबकि विभाग ने प्रत्येक दुकान में 5 केजी क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र रखने का आदेश जारी हुआ है। हालांकि यहां खुली दुकानों के कुछ संचालकों ने कहा कि दुकानें नगर निगम ने आवंटित की है। आवंटन की शर्त के अनुसार सुरक्षा से संबंधित इंतजाम नगर निगम को ही करना है। आधी से ज्यादा दुकानें लग गई हैं, लेकिन अभी तक फायर ब्रिगेड गाड़ी एवं पानी टैंकर की व्यवस्था नहीं की गई है।




### सड़कों पर खुल गई बांस-कपड़ों से बनी दुकानें

शहर में कई जगहों पर अस्थाई पटाखा की दुकानें सड़कों पर ही खुल गई हैं। ये दुकानें भी बांस और कपड़ों से बने टेंट बनाकर खोली गई हैं। इन दुकानों में अग्निशामक यंत्र, 200 लीटर ड्रम, बाल्टी एवं पानी का इंतजाम भी नहीं है। कई दुकानें तो एक-दूसरे से सट कर खुल गई हैं, जबकि नियम के तहत 3 मीटर की दूरी पर दूसरी दुकान खुलनी है। कुछ दुकानें तो ऐसी जगहों पर खुल गई हैं, जिसके ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है।

### निरीक्षण तक नहीं कर रहे अफसर

अग्निशन विभाग ने जरूर पटाखा दुकानों के लिए गाइड लाइन जारी की है, लेकिन इस गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं, अफसर इसका निरीक्षण तक नहीं कर रहे हैं। जिला सेनानी अग्निशमन विभाग के अधिकारी पुष्पराज सिंह से जब इस संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे दो दिन के लिए राज्य से बाहर गए हुए हैं, वापस आने के बाद ही बता पाएंगे।

# खट्टी विद्यालय को दान में मिला मल्टीग्रेन बोर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम सुरक्षा विकास समिति ग्राम खट्टी के संयोजक एवं समाजसेवी प्रभात मिश्र ने ग्राम में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण साधनों से जोडने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क मल्टीग्रेन बोर्ड प्रदान किया। इस अवसर पर प्रभात मिश्र ने कहा कि बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का वातावरण बनाना हमारा साझा संकल्प है मल्टीग्रेन बोर्ड के माध्यम से बच्चे अधिक रुचिपूर्ण और प्रभावी ढंग से पढ़ सकेंगे। शिक्षा ही वह साधन है जो गाँव को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। इस मौके पर मुख्य रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक नरेंद्र जी उपस्थित रहे। उन्होंने इस जनसेवी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम समाज की भागीदारी से ही शिक्षा सशक्त और समृद्ध बन सकती है।

इस अवसर पर ग्राम सुरक्षा विकास समिति अध्यक्ष दुष्यंत यादव, कोषाध्यक्ष डेहराम निषाद, संरक्षक धनेश्वर निषाद, भुनेश्वर साहू, दुर्गेश यादव, साला विकास समिति अध्यक्ष राम प्रसाद पटेरिया, प्रधान पाठक भीषम साहू, सरपंच प्रेमनारायण साहू, उप सरपंच संतराम निषाद, मनोहर लाल निषाद, ठाकुर राम साहू, रूपराम साहू, श्रवण साहू, बुलाकी निषाद, गंगाराम साहू एवं रतन सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## फूल कूटने की परंपरा के साथ गौरी-गौरा उत्सव शुरू

**तरपोंगी।** ग्राम तरपोंगी में गौरा गौरी चौरा पर फूल कूटने के रस्म के साथ ही दीपावली उत्सव शुरू हो गया है।छोटे बच्चे व महिलाओं का समूह सुवा नृत्य के साथ घर घर दस्तक दे रही है।गाँवो में सुआ नृत्य के साथ दीपावली त्यौहार प्रारम्भ हो जाता है।



## 3 मंदिरों की प्रतिमा खंडित करने की शिकायत दर्ज

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम पंचायत रजिया (खुड़मुड़ी) में बीती रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गांव के तीन अलग अलग जगहों पर विराजमान शिव मंदिर के शिव लिंगों को तोड़ फोड़ कर खंडित कर धार्मिक आस्था पर गंभीर ठेस पहुंचाया गया है। और साथ ही आर्मी ग्राउंड का समान व वहीं लगे पेड़ों को भी पूरा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सरपंच योगेंद्र साहू सहित ग्रामवासियों द्वारा घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपीयो पर ठोस कार्यवाही करने की मांग कर नेवरा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है।



## क्विज स्पर्धा में मोक्ष व हिना ने बाजी मारी

**आरंग।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन संकुल प्राचार्य लायक सिंह डहरिया एवं संकुल समन्वयक हरीश दीवान के निर्देशन में किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के भाषा, सामान्य ज्ञान और गणितीय कौशल को परखने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस रोचक प्रतियोगिता में खमतराई, गुखेरा, कलई और भोथली के 7 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नों के रोचक जवाब दिए। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप, खमतराई के मोक्ष यादव, हिना यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पर बाजी मारी जबकि गुखेरा के कोमल देवांगन और भोथली की मेघा यादव द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर, प्रधान पाठक गुखेरा अरविंद वैष्णव ने अपनी कविता सोच को दे उड़ान से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और इस आयोजन मे सी.एल. एनेस्वरी, तारकेस्वर डडसेना, हेमा बंजारे, भूषण जलक्षत्रि, सौरभ साहू, विष्णु धुर्व ने अपनी सहभागिता निभाई। विजेताओं का मुंह मीठा कराया गया और उन्हें कंपास, पेन, कॉपी आदि उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन बच्चों में ज्ञान और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में सफल रहा।



# जोन स्तरीय सांसद खेल में कोच समेत 800 खिलाड़ी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सांसद खेल महोत्सव अभनपुर के प्रथम चरण का जोन स्तरीय आयोजन ग्राम ऊपरवारा के आईटीएम विश्वविद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अभनपुर विकासखंड के 26 ग्राम पंचायतों से लगभग 700 खिलाडिय़ों एवं 100 कोच-मैनेजर सहित कुल 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रभारी सीईओ अभनपुर अतिथि श्रीमती नीतू मिस्त्री ने विजता खिलाडिय़ो को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। विकासखंड खेल अधिकारी विजय रत्नाकर ने बताया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। उन्होने बताया कि प्रथम चरण का दूसरा आयोजन खोरपा मे 17-18 अक्टूबर,तीसरा आयोजन गातापार 28-29 नवम्बर एवं चौथा आयोजन ग्राम पोड़ मे 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर को संपन्न होगे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पांडे, पीतांबर पटेल, विवेक साहू,वरुण पांडे , तूता सरपंच भरत बैस,सरपंच श्रीमती हेमा पांडेल, श्रीमती टेमिन साहू, नेतराम साहू,मुकेश साहू, प्राचार्य श्रीमती किरण ठाकुर, वरिष्ठ खेल अधिकारी बी.आर. साहू ,शिवनंदन देवांगन ,डिप्टी रजिस्ट्रार विकास भोंसले, एडमिन डायरेक्टर राजीव पांडे, खेल अधिकारी प्रकाश मौर्य, श्री मिश्रा, वरिष्ठ खेल अधिकारी पोमन तारक,रितेश चंद्राकर,लुकेश नामदेव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## पेज 01 के शेष...

### दीपावली से बड़ा धमाका...

अफसरों ने दावा किया था कि दीपावली में शहर के प्रमुख मार्गों के साथ बाजारों में छह सौ ट्रैफिक के जवान तैनात किए जाएंगे। धरातल पर संख्या के अनुसार ट्रैफिक पुलिस की संख्या बहुत कम थी। ट्रैफिक पुलिस ने पर्व को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक कंट्रोल करने शहर के प्रमुख बाजारों को चार जोन में बांटकर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया था। साथ ही शहर के अलग-अलग क्षेत्र के बाजार से सटी खाली जगहों पर वाहन पार्क करने नौ जगह चिन्हांकित की थी। सदर बाजार को छोड़ शेष अन्य जगहों के बाजार में कार से लेकर ऑटो रिक्शा सहित अन्य चारपहिया गाड़ियां प्रवेश कर रही हैं। इसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है।

### इस वजह से...

लिए लेन छोड़कर जहां जगह मिल रही है, वहीं से गाड़ी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा जहां ट्रैफिक सिग्नल है, वहां वाहन चालक लाइन क्रास कर गाड़ी आगे लगा दे रहे हैं। साथ ही लेफ्ट, राइट मोड़ने के लिए जगह नहीं होने की वजह से गाड़ियां जाम में फंस रही हैं।

### खनिज परिवहन वाले ट्रकों को....

आयरन ओर, सीमेंट एवं कोयला परिवहन करने वाले ट्रकों को एक माह के लिए शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक आउटर में रोकने की व्यवस्था की गई है। ट्रकों को अभनपुर के आगे चंडी मोड़ के पास तथा पुराना धमतरी रोड में भरेंगा भाठा के आगे रोकने की व्यवस्था की गई है।

### दिवाली में मुसाफिरों का...

है। इसका सीधा असर यात्रा करने वालों की जेब पर होता है। दो दिन बाद दिवाली होने का प्रभाव साफ नजर आने लगा है। रायपुर से विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना होने वाली लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुमकिन नहीं है। वहीं रेल प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाली विशेष ट्रेनों की 90 फीसदी टिकट बुक हो चुके हैं। ट्रेनों में यात्रा की संभावना कम होने के बाद यात्री बस और फ्लाइट का रुख करते हैं, जहां भी त्योहार का असर नजर आ रहा है। रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए आवाजाही करने वाली बसों में सीमित सीट होने की वजह से ट्रैवल्स कंपनियां इनका किराया बढ़ा चुकी हैं। ज्यादातर शहरों की बुकिंग डेढ़ से दोगुनी ज्यादा राशि में मिल रही है। कुछ ऐसा हाल रायपुर से संचालित होने वाली फ्लाइट का भी है। विभिन्न सेक्टरों में आवाजाही करने वाले विमानों में यात्री बढ़ने की वजह से किराया भी बढ़ चुका है। अधिकतर शहरों से यात्रा पूरी करने के लिए लोगों को 8 से 10 हजार रुपये खर्च करना पड़ रहा है।

### बीएससी में अपग्रेड...

अपग्रेड हुई थी, जिन्हें इस बार नर्सिंग काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया था। निजी कालेजों ने विभागीय अधिकारियों से मुलाकात के साथ हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कालेज प्रबंधन के पक्ष में आदेश पारित किया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अपग्रेड हुई सभी सीटों को काउंसिलिंग में शामिल किया है। इसके साथ उनके द्वारा बीएससी सहित नर्सिंग के अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख में तीन दिन की वृद्धि की गई है। इधर निजी कालेज प्रबंधन से जुड़े लोगों का तर्क है कि किसी काउंसिलिंग के पहले एडमिशन का संभावित शेड्यूल जारी किया जाता है, मगर इस बार प्रक्रिया अधूरी है। वहीं छात्रहित में सीट मैट्रिक्स जारी करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। वर्ष 2025 में काउंसिलिंग के जरिए बीएससी, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

### शहर बढ़ गया, काम...

पद खाली हैं। अधीक्षण अभियंता के लिए 6 पद प्रस्तावित हैं, इनमें से 2 पद पर भर्ती होनी है। सहायक राजस्व अधिकारी के 12 पद रिवाइज सेटअप के अनुरूप प्रस्तावित हैं, जिसमें 4 नियमित पद रिक्त हैं। पुराने सेटअप में नगर निगम के शहरभर में बगीचों की देखभाल के लिए माली के 9 पद रखे गए। रिवाइज सेटअप 25 माली प्रस्तावित है, यानी 16 माली के पद पर सीधी भर्ती होनी है। नगर निगम के दस जोन और निगम मुख्यालय में 50 सहायक अभियंता के पद स्वीकृत हैं, इसमें से 10 पद रिक्त हैं। सेटअप में पहली बार उद्यान अधिकारी के 2 नए पद रखे गए हैं। रिवाइज सेटअप की स्वीकृति के बाद नगर में पहली बार 2 नए उद्यान अधिकारी की भर्ती होगी।

### आम सूचना का खण्डन

यह कि, मेरे पक्षकार भक्तू राम साहू पिता स्व. प्रहलाद साहू निवासी ग्राम डूण्डा तह व जिला रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार पत्र एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को प्रकाशित आम सूचना दिनांक 09.10.2025 को श्री डी.एल राठौर अधिवक्ता विजय नगर छटवा तालाब के पास, भनपुरी रायपुर छ. ग. मो.न. 9407714358 द्वारा हरिभूमि दैनिक समाचार के माध्यम से भूमि स्वामी श्री रोम लाल पिता - श्री मनराखन साकिन ग्राम डूण्डा रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा न. 169/2 का भाग रकबा 600 वर्गफीट भूमि ग्राम डूण्डा प.ह.न. 118, रा.नि.म. रायपुर तह.व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि का क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन ब्याना की राशि अदा कर विक्रय अनुबंध निस्पादित कर दिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। उक्त संव्यवहार के संबंध में दिनाक 09.10.2025 को प्रकाशित आम सूचना का खण्डन किया जाता है कि, उक्त भूमि का वास्तविक भूमि स्वामी भक्तु साहू, कृष्णा साहू, विजय साहू, रोमलाल साहू, फूलकुंवर, रूपेन्द्र ललिता बाई, योगेश्वरी, आरती बाई साहू का नाम संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र सभी सहखातेदारों की सहमति के बगैर किया गया है तथा रोमलाल पिता - मनराखन का हिस्सा का कौन सा भाग एवं कितना भाग प्राप्त होता है अथवा नहीं का निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण रोमलाल पिता - मनराखन को उक्त अनुबंध निस्पादित किये जाने का अधिकार ही नहीं हैं। इसलिए उक्त अनुबंध विलेख शून्य एवं विधि विरूद्ध होने के कारण उक्त आम सूचना का खण्डन किया जाता है।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 15.10.2025

भवदीय
मधुसूदन शुक्ला (अधिवक्ता)
पता - ग्राम व पो. सिवनी तह. अभनपुर
जिला रायपुर छ.ग.
मो.न. 9691577700

### :: आम सूचना ::

(निष्प्रभावी मुख्त्यार आम दिनांक-05/04/2014 के संबंध में)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पुनाराम देवदास पिता स्व. फगवाराम निवासी- श्रीराम चौक, सतबहनिया मंदिर गली, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा एक पंजीकृत मुख्त्यार आम दिनांक-05/04/2014 जो प्रवंचना व धोखाधड़ी कर उनके पुत्र संजय देवदास एवं पुत्रवधु सोनम देवदास के द्वारा उनकी संपत्ति जो श्रीराम चौक, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, सतबहनिया मंदिर गली, टिकरापारा, रायपुर छ.ग. मे स्थित 1310 वर्गफुट संपत्ति का विक्रय व अन्य कार्यो हेतु निष्पादन करवा लिया था, जिसकी अवधि 02 वर्ष हेतु नियत थी । किन्तु मेरे पक्षकार के पुत्र एवं पुत्रवधु के द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उक्त निष्प्रभावी आम मुख्त्यार को दिखाकर विक्रय करने या अन्य रीति से अंतरित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो आपराधिक कृत्य है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, इकाई, निकाय उपरोक्त निष्प्रभावी आम मुख्त्यारनामा के माध्यम से उक्त संपत्ति को क्रय अथवा अन्य रीति से स्थानांतरित न करें अन्यथा उसके होने वाले परिणामों के लिये वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

रायपुर
दिनांक-14.10.25

भवदीय
एस.पी. उपाध्याय (अधिवक्ता)
कार्यालय- 58, एच.आई.जी., सेक्टर-1, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. - 9424201060, 9827160027

## खम्हरिया में बंदरों का आतंक, बुजुर्ग पर घर में किया हमला

**आरंग।** खम्हरिया ग्राम में बुधवार को बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीण भयभीत होकर घरों में दरवाजे-खिड़कियाँ बंद करने को मजबूर हैं। बुधवार की सुबह बंदरों के झुंड ने गाँव में कहर बरपा दिया। इसी दौरान एक बंदर ने घर में घुसकर कमरे में सो रहे अस्वस्थ 80 वर्षीय बुजुर्ग अर्जुन लाल वर्मा पर हमला कर दिया। बंदर ने बुजुर्ग के सीने और चेहरे को नाखून से बुरी तरह नोच डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से उनका उपचार कराया।गाँव में बंदरों की यह पहली घटना है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बंदरों के झुंड रोजाना बस्ती में घुस आते हैं और घरों का सामान अस्त-व्यस्त कर जाते हैं। बुधवार को अचानक सुबह ही उन्होंने पाँच घरों में घुसकर जी पी वर्मा के घर आंगन में रखी वाशिंग मशीन तोड़ दी तेजराम निषाद के घर घुसकर कमरे में रखी चावल के बोरे फाड़ दिए और खाने-पीने का सामान बिखेर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के बढ़ते उपद्रव से महिलाएँ और बच्चे घर से बाहर निकलने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने समाचार के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़कर गाँव से दूर स्थानांतरित किया जाए ।ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।



# गाइड लाइन का पालन नहीं, टिन की जगह बांस-कपड़ों के लग गए शेड, अग्निशामक यंत्र-पानी का इंतजाम भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्थाई एवं अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग ने गाइड लाइन जारी की है। इसके तहत पटाखा की दुकान पक्के भवन या फिर टिन शेड से बने टेंट में लगाई जाना है, लेकिन इस नियम का पालन लाखेनगर ईदगाहभाठा मैदान पर लगे पटाखा बाजार में तो किया जा रहा है, लेकिन अन्य कई जगहों पर बांस और कपड़ों से टेंट बनाकर दुकानें खोल ली गई हैं। इसके अलावा इन दुकानों में अग्निशामक यंत्र, ड्रम, बाल्टी एवं पानी आदि की भी व्यवस्था नहीं है। इसके कारण इन पटाखा दुकानों में अगर आग लगती है, तो बड़ा हादसा भी हो सकता है, जिसमें लोगों की जानें भी जा सकती हैं।

- स्थाई-अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग ने जारी की है गाइड लाइन

हरिभूमि ने बुधवार को शहर में दीपावली त्योहार के लिए शहर में सजी पटाखा की स्थाई एवं अस्थाई दुकानों में जिला सेनानी एवं अग्निशामक विभाग द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन पटाखा दुकानों के संचालक कर रहे है या नहीं, इसकी पड़ताल की। इस दौरान सबसे पहले लाखेनगर ईदगाह भाठा मैदान में नगर निगम द्वारा लगाए गए पटाखा बाजार की पड़ताल की। इस दौरान यहां न ही पानी टैंकर मिला और न ही फायरब्रिगेड की गाड़ी खड़ी मिली। इन दुकानों को टिन शेड से जरूर बनाया गया है।

### सड़कों पर खुल गई बांस-कपड़ों से बनी दुकानें

शहर में कई जगहों पर अस्थाई पटाखा की दुकानें सड़कों पर ही खुल गई हैं। ये दुकानें भी बांस और कपड़ों से बने टेंट बनाकर खोली गई हैं। इन दुकानों में अग्निशामक यंत्र, 200 लीटर ड्रम, बाल्टी एवं पानी का इंतजाम भी नहीं है। कई दुकानें तो एक-दूसरे से सट कर खुल गई हैं, जबकि नियम के तहत 3 मीटर की दूरी पर दूसरी दुकान खुलनी है। कुछ दुकानें तो ऐसी जगहों पर खुल गई हैं, जिसके ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरा है।

### निरीक्षण तक नहीं कर रहे अफसर

अग्निशन विभाग ने जरूर पटाखा दुकानों के लिए गाइड लाइन जारी की है, लेकिन इस गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं, अफसर इसका निरीक्षण तक नहीं कर रहे हैं। जिला सेनानी अग्निशमन विभाग के अधिकारी पुष्पराज सिंह से जब इस संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे दो दिन के लिए राज्य से बाहर गए हुए हैं, वापस आने के बाद ही बता पाएंगे।

## धनतेरस-दीपावली पर मनुभाई ज्वेलर्स में हैवी से लाइट वेट तक हर रेंज में लेटेस्ट डिजाइन्स उपलब्ध




रायपुर। दीपावली और धनतेरस के शुभ अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित मनुभाई ज्वेलर्स में ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। 40 वर्षों से ग्राहकों का भरोसा जीतने वाले इस प्रतिष्ठान में इस बार का कलेक्शन खासा आकर्षक है। चाहे हो हैवी ज्वेलरी या लाइट वेट ज्वेलरी – हर रेंज में लेटेस्ट और पारंपरिक डिजाइनों का बेहतरीन संगम देखने को मिल रहा है। यहां प्लेन गोल्ड, फैंसी ज्वेलरी, एंटीक डिजाइन, ब्राइडल कलेक्शन के साथ-साथ जेम स्टोन और सॉलिटेयर्स की भी शानदार रेंज मौजूद है। सिल्वर में मूर्तियां, गिफ्ट सेट्स, बर्तन, और सिल्वर ज्वेलरी की आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है।

**बिजनेस साइट सिटी**

## बुनकर क्राफ्ट की ग्रैंड फेस्टिव सेल से ग्राहकों में उत्साह, कोसा सिल्क पर 30% तक की छूट



रायपुर। त्योहारों के आगमन के साथ ही राजधानी रायपुर की पंडरी क्लॉथ मार्केट स्थित बुनकर क्राफ्ट में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। शिल्पराज देवांगन के नेतृत्व में ग्रैंड फेस्टिव सेल की शुरुआत की गई है, जिसमें कोसा सिल्क की साड़ियों, सूटों और दुपट्टों पर 30% तक की छूट दी जा रही है। बुनकर क्राफ्ट छत्तीसगढ़ की पारंपरिक बुनाई को आधुनिक डिजाइनों में प्रस्तुत कर रहा है। शिल्पराज देवांगन का मानना है कि कोसा सिल्क सिर्फ वस्त्र नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इस सेल में ग्राहकों को नए और पारंपरिक डिजाइनों का बेहतरीन संगम देखने को मिल रहा है। उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध बुनकर क्राफ्ट की यह सेल न केवल छूट, बल्कि एक यादगार अनुभव भी दे रही है।

## बालाजी गारमेंट सेल को मिल रहा जबरदस्त रिस्पांस



रायपुर। राजधानी रायपुर में श्री बालाजी गारमेंट सेल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गढ़कलेवा के पास राजभवन गेट नंबर 3 के सामने गुरुतेग बहादुर हॉल और सिटी मॉल-36 में चल रही इस सेल को ग्राहकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सेल में रेडीमेड और हैंडलूम कपड़ों पर बंपर छूट दी जा रही है। महिलाओं के लिए 50 हजार से अधिक साड़ियों के साथ-साथ कुर्तियां, टॉप्स और पार्टीवियर की बड़ी रेंज उपलब्ध है। पुरुषों के लिए शर्ट, टी-शर्ट, पैंट, जीन्स, ब्लेजर और शेरवानी जैसे परिधान रियायती दरों पर मिल रहे हैं। होम फर्निशिंग आइटम्स पर भी खास ऑफर दिए जा रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि दोनों लोकेशनों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और सेल सीमित समय के लिए है। ऐसे में वे लोगों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील कर रहे हैं।

### ठंड के लिए सूखी हवा का इंतजार

रायपुर। मानसून की विदाई के बाद राज्य में ठंड का माहौल बनाने के लिए शुष्क हवाओं का आने का इंतजार है। अभी वातावरण में नमी की मात्रा मौजूद है और हवा की दिशा पूरी तरह पश्चिम नहीं हो पाई है। अभी सुबह-सुबह ठंड का प्रभाव महसूस हो रहा है मगर का तापमान सामान्य से अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है।

## निधन

### भवानी शंकर शर्मा



रायपुर। सांई नगर कालोनी जोरा निवासी भवानी शंकर शर्मा का 15 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान जोरा से मारवाड़ी श्मशानघाट जाएगी। वे वरिष्ठ पत्रकार उचित शर्मा, प्रशांत, विक्रम, अभिलाष, रचना शर्मा व प्रगति शर्मा के पिता तथा अनीश भट्ट, संतोष शर्मा और संजीव शर्मा के ससुर थे।

### सेवक चरणू जांगड़े



रायपुर। बनरसी (माना कैंप) निवासी और समाज सेवक चरणू जांगड़े 80 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में गुरुवार को किया जाएगा। वे रवि जांगड़े के पिता थे।

# प्रतिमा विसर्जन से लौट रहे युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्षणिक आवेश में चाकूबाजी से लेकर मारपीट की घटना आम हो गई है। ऐसे ही एक प्रकरण में उत्तरप्रदेश से रोजी रोटी की तलाश में आए युवक की अज्ञात बदमाशों ने लात घूंसों से बुरी तरह पिटाई की। गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है, 13 दिन पूर्व तीन अक्टूबर की घटना है। मृतक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसकी घेरकर बुरी तरह पिटाई की। पिटाई से गंभीर रूप से घायल युवक की आंबेडकर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना गंज थाना क्षेत्र की है।

पुलिस के अनुसार उत्तरप्रदेश चित्रकूट निवासी बलराम सोनी (19) की अज्ञात बदमाशों ने हत्या की है।



### तात्कालिक कारण से हो रहे एग्रेसिव

पिछले कुछ अरसे से हत्या की जो घटनाएं हुई हैं, उसका कारण क्षणिक आवेश रहा है। आधे से ज्यादा हत्या क्षणिक आवेश में की गई है। पूर्व नियोजित हत्या की घटनाएं कम हुई हैं। पिछले दस महीने में रायपुर जिले

### एक्सपर्ट व्यू

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. डीएस परिहार के अनुसार क्षणिक आवेश में हत्या के तीन कारण कारण हैं। इनमें प्रमुख कारण मोबाइल है। मोबाइल के लती धीरे-धीरे धैर्य खोते जा रहे हैं, इस वजह से हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। दूसरा सबसे बड़ा कारण नशा है। नशे की पूर्ति करने लोग पैसों की व्यवस्था करने हत्या कर रहे हैं। तीसरा कारण युवा वर्ग के बदमाश अपना वर्चस्व स्थापित करने किसी पर चाकू चला रहे हैं।

## पेज 3 के शेष

### दीपावली से बड़ा 'धमाका'...

अफसरों ने दावा किया था कि दीपावली में शहर के प्रमुख मार्गों के साथ बाजारों में छह सौ ट्रैफिक के जवान तैनात किए जाएंगे। धरातल पर संख्या के अनुसार ट्रैफिक पुलिस की संख्या बहुत कम थी। ट्रैफिक पुलिस ने पर्व को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक कंट्रोल करने शहर के प्रमुख बाजारों को चार जोन में बांटकर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने का दावा किया था। सदर बाजार को छोड़ शेष अन्य जगहों के बाजार में कार से लेकर ऑटो रिक्शा सहित अन्य चारपहिया गाड़ियां प्रवेश कर रही हैं। इसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है।

### दिवाली में मुसाफिरों का...

है। इसका सीधा असर यात्रा करने वालों की जेब पर होता है। दो दिन बाद दिवाली होने का प्रभाव साफ नजर आने लगा है। रायपुर से विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना होने वाली लंबी दूरी की नियमित ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलना मुमकिन नहीं है। वहीं रेल प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाली विशेष ट्रेनों की 90 फीसदी टिकट बुक हो चुके हैं।

### बीएससी में अपग्रेड...

अपग्रेड हुई थी, जिन्हें इस बार नर्सिंग काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया था। निजी कालेजों ने विभागीय अधिकारियों से मुलाकात के साथ हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कालेज प्रबंधन के पक्ष में आदेश पारित किया था।

# टैक्स जमा नहीं करने पर 2 परिसर सील, एक ने सील लगने से पहले जमा करा दी बकाया राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम के राजस्व अमले ने बुधवार को बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाया। इस दौरान कटोरा तालाब गली नंबर 4 के बकायादार भावना हसवानी और दराई हसवानी द्वारा बकाया संपत्ति कर की राशि अंतिम नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं करने पर उनके व्यावसायिक भवन को सीलबंद किया गया। इन बकायादार पर वर्ष 2024-25 के बकाया संपत्ति कर की राशि क्रमशः 1,19,059 रुपए और 1,08,220 रुपये बकाया रही, जिसे भुगतान करने निगम अमले ने नोटिस दिया था।

- जोन 4 अमले ने चलाया बकाया राजस्व वसूली

यह कार्रवाई उपायुक्त राजस्व जागृति साहू और जोन 4 कमिश्नर अरुण ध्रुव के निर्देश पर की गई। इसी तरह स्वामी विवेकानंद वार्ड में 2022-23 से बकाया राशि 4,19,302 रुपए के बकाया संपत्तिकर की राशि का भुगतान नहीं करने पर सील करने पहुंची टीम को देखते ही अनिल नचरानी और रितेश मदानी ने ऑनलाइन राशि जमा कर दी।

अभियान में जोन 4 सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू, राजस्व निरीक्षक ऋषि परोच, सहायक राजस्व निरीक्षक कौशिक राम साहू, मनहरण निषाद, शेख जुनैद, प्रणय ठाकुर की उपस्थिति रही।

# महिला आयोग की तीन सदस्यों को अधिवक्ताओं ने भेजा लीगल नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की तीन सदस्य लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया एवं दीपिका शोरी को दो अधिवक्ताओं ने लीगल नोटिस भेजा है। इस नोटिस के माध्यम से तीनों सदस्यों पर अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें अनाधिकृत व्यक्ति बताते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। अधिवक्ताओं ने इस नोटिस के जरिए तीनों सदस्यों को चेतावनी भी दी है कि अगर 15 दिनों के भीतर उनसे माफी नहीं मांगी गई, तो वे उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

अधिवक्ता शमीम रहमान एवं अखिलेश कुमार ने बताया कि आयोग की तीनों सदस्यों ने उनकी छवि को बदनाम करने की कोशिश की है, जबकि दोनों वकील वर्ष 2020 से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में विधिक सलाहकार के रूप में आधिकारिक रूप से कार्यरत हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि तीनों सदस्यों ने प्रेस वार्ता कर, सोशल मीडिया के जरिए एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो सहित जानकारी साझा कर राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें अपमानित करने की कोशिश की है, जो साइबर कानून के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। अधिवक्ता शमीम रहमान ने कहा है कि उन्हें 7 दिन के भीतर माफीनामा देकर क्षमा-याचना की जाए तथा उसका प्रकाशन एवं प्रसारण दैनिक समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में किया जाए, अन्यथा सभी के विरुद्ध मानहानि का प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। अधिवक्ता अखिलेश कुमार ने कहा कि पूर्व में उन्हें आयोग से प्रतिदिन सुनवाई का मानदेय 1500 प्राप्त होता रहा है तथा आयोग में उनका लगभग डेढ़ लाख रुपये का मानदेय बकाया है और इस संबंध में उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित है। वे भी इन सदस्यों से 15 दिवस के भीतर लिखित माफी मांगी है, नहीं तो वे उनके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

### आम सूचना का खण्डन

यह कि, मेरे पक्षकार भक्तू राम साहू पिता स्व. प्रहलाद साहू निवासी ग्राम डूण्डा तह व जिला रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार पत्र एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को प्रकाशित आम सूचना दिनांक 09.10.2025 को श्री डी.एल राठौर अधिवक्ता विजय नगर छटवा तालाब के पास, भनपुरी रायपुर छ. ग. मो.न. 9407714358 द्वारा हरिभूमि दैनिक समाचार के माध्यम से भूमि स्वामी श्री रोम लाल पिता - श्री मनराखन साकिन ग्राम डूण्डा रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा न. 169/2 का भाग रकबा 600 वर्गफीट भूमि ग्राम डूण्डा प.ह.न. 118, रा.नि.म. रायपुर तह.व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि का क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन ब्याना की राशि अदा कर विक्रय अनुबंध निस्पादित कर दिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। उक्त संव्यवहार के संबंध में दिनाक 09.10.2025 को प्रकाशित आम सूचना का खण्डन किया जाता है कि, उक्त भूमि का वास्तविक भूमि स्वामी भक्तु साहू, कृष्णा साहू, विजय साहू, रोमलाल साहू, फूलकुंवर, रूपेन्द्र ललिता बाई, योगेश्वरी, आरती बाई साहू का नाम संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र सभी सहखातेदारों की सहमति के बगैर किया गया है तथा रोमलाल पिता - मनराखन का हिस्सा का कौन सा भाग एवं कितना भाग प्राप्त होता है अथवा नहीं का निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण रोमलाल पिता - मनराखन को उक्त अनुबंध निस्पादित किये जाने का अधिकार ही नहीं हैं। इसलिए उक्त अनुबंध विलेख शून्य एवं विधि विरूद्ध होने के कारण उक्त आम सूचना का खण्डन किया जाता है।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 15.10.2025

भवदीय
मधूसूदन शुक्ला (अधिवक्ता)
पता - ग्राम व पो. सिवनी तह. अभनपुर
जिला रायपुर छ.ग.
मो.न. 9691577700

### :: आम सूचना ::

(निष्प्रभावी मुख्त्यार आम दिनांक-05/04/2014 के संबंध में)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पुनाराम देवदास पिता स्व. फगवाराम निवासी- श्रीराम चौक, सतबहनिया मंदिर गली, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा एक पंजीकृत मुख्त्यार आम दिनांक-05/04/2014 जो प्रवंचना व धोखाधड़ी कर उनके पुत्र संजय देवदास एवं पुत्रवधु सोनम देवदास के द्वारा उनकी संपत्ति जो श्रीराम चौक, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, सतबहनिया मंदिर गली, टिकरापारा, रायपुर छ.ग. मे स्थित 1310 वर्गफुट संपत्ति का विक्रय व अन्य कार्यो हेतु निष्पादन करवा लिया था, जिसकी अवधि 02 वर्ष हेतु नियत थी। किन्तु मेरे पक्षकार के पुत्र एवं पुत्रवधु के द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उक्त निष्प्रभावी आम मुख्त्यार को दिखाकर विक्रय करने या अन्य रीति से अंतरित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो आपराधिक कृत्य है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, इकाई, निकाय उपरोक्त निष्प्रभावी आम मुख्त्यारनामा के माध्यम से उक्त संपत्ति को क्रय अथवा अन्य रीति से स्थानांतरित न करें अन्यथा उसके होने वाले परिणामों के लिये वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

रायपुर
दिनांक-14.10.25

भवदीय
एस.पी. उपाध्याय (अधिवक्ता)
कार्यालय- 58, एच.आई.जी., सेक्टर-1, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. - 9424201060, 9827160027







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130























# हरिभूमि की खबर पर मुहर, जिले में 561 नए मतदान केंद्र बढ़े, एक केंद्र में 1200 वोटर ही कर पाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि की खबर पर निर्वाचन आयोग ने मुहर लगा दी है। आगामी होने वाले चुनाव में अब जिले में 561 नए मतदान केंद्रों को भारत निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दी है। इसी के साथ जिले में मतदान केंद्रों की संख्या भी बढ़कर 2484 हो गई है। इससे पहले हुए चुनाव में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1923 थी। नए मतदान केंद्रों के बढ़ाए जाने के साथ अब प्रत्येक मतदान केंद्र में 1500 की जगह अब 1200 वोटर ही वोट कर पाएंगे। आगामी चुनाव के पहले निर्वाचन आयोग पोलिंग बूथों की व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ में अभी तक प्रत्येक पोलिंग बूथ में अधिकतम वोटरों की संख्या 1500 निर्धारित है। इस तरह एक बूथ पर 1500 वोटर ही वोट करते आए हैं, लेकिन इस व्यवस्था में अब बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत एक बूथ में अधिकतम 1200 वोटर ही वोट कर पाएंगे। यह नई व्यवस्था वोटरों को सुविधा देने एवं वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है।

निर्वाचन आयोग ने पोलिंग बूथों की व्यवस्था में किया बदलाव




### जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर मुहर

*भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत चुनाव में अब मतदान केंद्र में अधिकतम 1500 की जगह वोटरों की संख्या 1200 की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत आयोग ने जिला प्रशासन से 1200 वोटरों के अनुपात में जिले के सातों विधानसभा में कितने-कितने अतिरिक्त मतदान केंद्र खोले जाने हैं, इस संबंध में प्रस्ताव मंगाए थे। इसके तहत जिला प्रशासन ने सातों विधानसभा में कुल 561 नए मतदान केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे आयोग ने मंजूरी दे दी है।*

### लंबी कतारें भी नहीं लगेंगी

मतदान केंद्रों में इस नई व्यवस्था से बूथों में वोटरों की लगने वाली लंबी कतार में भी कमी आएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र में 300 वोटर कम हो जाएंगे। इससे वोटर भी कम समय में आसानी से वोट कर सकेंगे। बढ़े हुए मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 9 अक्टूबर 2025 को किया गया है।

### सातों विधानसभा में इस तरह बढ़े केंद्र

| | पहले | इतने बढ़े | कुल केंद्र |
|---|---|---|---|
| धरसींवा | 254 | 48 | 302 |
| रायपुर ग्रामीण | 327 | 164 | 491 |
| रायपुर पश्चिम | 283 | 102 | 385 |
| रायपुर उत्तर | 204 | 55 | 259 |
| रायपुर दक्षिण | 253 | 91 | 344 |
| आरंग | 251 | 54 | 305 |
| अभनपुर | 241 | 40 | 281 |
| बलौदाबाजार (तिल्दा तहसील) | 110 | 07 | 117 |

### रायपुर ग्रामीण में सबसे ज्यादा मतदान केंद्र बढ़े

जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक रायपुर ग्रामीण में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ी है। यहां पहले 327 केंद्र थे, वहीं नई व्यवस्था के तहत और नए 164 केंद्र बनाए गए हैं। इस तरह यहां मतदान केंद्रों की संख्या भी बढ़कर 491 पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप



### ड्रग कंट्रोलर से मिला जिला दवा विक्रेता संघ

**रायपुर।** दवा कारोबार में सामने आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ ने ड्रग कंट्रोलर दीपक अग्रवाल से मुलाकात की।सौंपे गए ज्ञापन में ओडिशा की तर्ज पर प्रदेश के बाहर से आने वाली दवाइयों पर नियंत्रण हेतु दिशा-निर्देश जारी करने। नकली व स्तरहीन दवाओं पर कड़ी कार्रवाई, पेंडर्म क्रीम जैसी फर्जी दवाओं की जांच एवं बाहरी राज्यों से दवा बिलिंग व सीएफए संचालन में पारदर्शिता लाने।

### बेकरी में गंदगी, सीलबंद किया

**रायपुर।** संजय नगर स्थित अमानत बेकरी की स्वच्छता व्यवस्था का निगम अमले ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। जनशिकायत वस्तुस्थिति की जानकारी लेने स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रहीऔर जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव जोन 6 के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ स्पॉट पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बेकरी में गंदगी की शिकायत सही पाई गई। इस पर अमानत बेकरी को तत्काल सीलबंद कर जन शिकायत का निवारण किया गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को पांच कार्यक्रमों में होंगे शामिल

# राजधानी में राज्योत्सव की तैयारियां शुरू, अफसरों ने की कार्य समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 1 नवंबर को प्रधानमंत्री श्री मोदी नया रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव स्थल में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा वे शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेंटर एकेडमी फार ए पीसफुल वर्ल्ड "शांति शिखर" का शुभारंभ और सत्य सांई हॉस्पिटल में हृदय का ऑपरेशन कराने वाले बच्चों से चर्चा करेंगे।

अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने आज नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल में प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी 31 अक्टूबर की रात्रि राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और अगले दिन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान नए विधानसभा भवन के लोकार्पण और राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर सभाएं होंगी। इन आयोजनों के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी जाए। बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री के प्रवास को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के सचिव डॉ. एस. भारती दासन, कमिश्नर रायपुर महादेव कावरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेंद



सिंह सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें

अपर मुख्य सचिव ने कहा, प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर ट्रैफिक प्लान और पार्किंग की व्यवस्था कर ली जाए। इसी प्रकार राज्योत्सव मेला स्थल और अन्य कार्यक्रमों के स्थल पर पार्किंग, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि नया रायपुर के चौराहों को व्यवस्थित और सौंदर्यीकरण कर लिया जाए। राज्योत्सव मेला स्थल में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए को सेक्टरों में बांटकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कार्यक्रम के दौरान सतत रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए। इसी प्रकार साउंड सिस्टम उच्च गुणवत्तायुक्त हो। साथ ही दूर संचार विभाग के अधिकारियों को संचार व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### तीन डोम बनाए जाएंगे

राज्योत्सव मेला स्थल पर मुख्य मंच के सामने तीन विशाल डोम बनाए जा रहे हैं। इनमें 60 एलईडी स्क्रीनिंग लगाई जाएंगी। मेला स्थल पर लोगों बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है। लोगों के प्रवेश के लिए दो द्वार होंगे। एक द्वार विभागीय प्रदर्शनी के लिए होगा। विभागीय प्रदर्शनी में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मुख्य मंच के नजदीक ही डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मेला स्थल पर प्रधानमंत्री आवास का मॉडल भी बनाया जाएगा।

### 20 बैड का हास्पिटल तथा आईसीयू बन रहा

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राज्योत्सव मेला स्थल के दोनों तरफ 20-20 हजार वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अन्य शहरों से रायपुर पहुंचने वाले मार्गों पर भी पार्किंग, पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। राज्योत्सव मेला स्थल पर 300 शौचालय बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 बैड का हॉस्पिटल तथा आईसीयू बनाया जा रहा है। इसके अलावा 25 एम्बुलेंस और पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था की जा रही है।

# डॉ. रमन के जन्मदिन पर राज्यपाल मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के 73वें जन्मदिन पर रायपुर स्थित स्पीकर हाउस में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इनमें राज्यपाल रमेन डेका ने जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री साय सहित उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मुलाकात कर जन्म दिन की बधाई दी। बधाई देने वालों में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्रियों में ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, सांसद बृजमोहन अग्रवान, संतोष पांडेय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित कई बड़े नेता, विधायक, अफसर भी शामिल हुए।

सुबह से ही उनके शासकीय आवास के पास गाड़ियों की कतारें लगी रहीं। वहां से लेकर गांधी उद्यान तक सड़क जाम की स्थिति बन गई थी। दोपहर बाद भीड़ छटी तब वहां पर सड़क क्लीयर हुई। विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा सहित कुछ अन्य अधिकारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन को लेकर उनके विधानसभा क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी राजनांदगांव के कार्यकम में मौजूद रहे।

### गजमाला पहनाकर मनाया डॉ. रमन सिंह का जन्म दिन



कालीमाता सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का गजमाला पहनाकर एवं विशाल केक काटकर बड़े हीं हर्षोल्लास के साथ जन्म दिन मनाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान गुरमीत सिंह टोनी, धीरज जोधानी, रोहित भारद्वाज, नागेश तिवारी, दीपक पाठक, सुमीत यादव, प्रज्जवल दुबे, प्रशांत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आरती ग्रुप ने मनाया जन्मदिन



आरती ग्रुप ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। डा. रमन के घर जाकर केक कटवाकर उनका जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आरती ग्रुप के राजीव अग्रवाल, छगन मूंदड़ा, मनीष मंडल, राजीव मूंदड़ा, रीबू राज अग्रवाल एवं आदित्य मूंदड़ा आदि शामिल थे।

### कोटवार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मनाया जन्मदिन



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के 73 में जन्मदिन पर कर्मचारी नेता अनिल श्रीवास्तव एवं कोटवार संघ के गिरवर मानिकपुरी के नेतृत्व में कोटवार संघ का प्रतिनिधिमंडल ने डॉ रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई दी एवं दीर्घायु होने की कामना की।



# नबीन के नामांकन में मौजूद रहेंगे सीएम साय और डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिहार में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। सभी राजनीतिक पार्टियां अपना दम दिखाने और वोटर्स को साधने के लिए तैयारियों में जुट गई हैं। वहीं इस चुनावी रण में छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता भी उतरेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने दिग्गज नेताओं की चुनाव ड्यूटी लगा दी है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

■ बिहार में विधानसभा चुनाव के रण में छत्तीसगढ़ के बीजेपी नेता जाएंगे

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी नितिन नबीन को पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। वे गुरुवार को पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी रहेंगे।

नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान काफी पसीना बहाया था, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ के भी प्रमुख नेता उनके प्रचार के लिए बांकीपुर जा रहे हैं। चुनाव के दौरान मंत्रियों की ड्यूटी भी यहां पर लगाई गई है। सभी को अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, विधायक रिकेश सेन भी प्रचार कर रहे हैं। वहीं दीवाली के बाद आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री भी बिहार जांएगे।

## मुख्यमंत्री आज जाएंगे बिहार, साव भी होंगे साथ

### महिला मोर्चा की 100 महिलाओं की ड्यूटी

बिहार विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है। भाजपा महिला मोर्चा ने बिहार चुनाव के लिए प्रदेश के 100 महिला नेताओं की ड्यूटी लगाई है। भाई दूज के बाद टीम बिहार के लिए रवाना होगी। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। महिला मोर्चा की सभी महिलाएं बिहार चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिए काम करेंगी। जानकारी के मुताबिक 100 महिलाएं 15-15 दिनों के लिए बिहार चुनाव का हिस्सा बनेंगी।



### विशेष विमान से सीएम साय रवाना होंगे



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को बिहार जाएंगे। सुबह 8.20 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से वे विशेष विमान से रवाना होकर 9.40 बजे पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही विधानसभा प्रत्याशी एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन की नामांकन रैली में शामिल होंगे। अन्य कार्यक्रमों में पुनः अपनी उपस्थित दर्ज कराने के बाद शाम 5 बजे पटना एयरपोर्ट से विशेष विमान से रवाना होकर 6.20 रायपुर पहुंचेंगे।

### बृजमोहन दिल्ली से पहुंचे पटना

भाजपा ने रायपुर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल को बिहार चुनाव में हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्रों की कमान सौंपी है। वह दिल्ली में अहम बैठक में शामिल होने के बाद पटना जाएंगे। वे 18 अक्टूबर को वापस रायपुर लौटेंगे।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल वाले बाबा का सालाना उर्स शुरू



रायपुर। हजरत सैय्यद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल) के 6 दिवसीय 15 से 20 अक्टूबर तक उर्स पाक बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। इस उर्स पाक का शुभारंभ बुधवार को परचम कुशाई के साथ किया गया। इसके बाद शाम 7 बजे नातिया प्रोग्राम है और रात 9 बजे इंटरनेशनल क़व्वाल रईस मियां द्वारा क़व्वाली पेश की गई। उर्स पार्क के दूसरे दिन 16 को बरोज़ जुमेरात, शाम 7 बजे असलम रायपुरी द्वारा कव्वाली प्रोग्राम और रात 10 बजे धर्मगुरु सैय्यद सलमान अशरफ अशरफीउल ज़लानी तक़रीर करेंगे। यह जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना हाजी सैयद जाफर अली ने देते हुए बताया कि इसी प्रकार 17, 18, 19 और 20 अक्टूबर को बरोज़ पीर रात 9 बजे शाहिद आरिफ हमनवां सूफियाना कलाम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि उर्स के दौरान रोज़ाना दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे आम लंगर का इंतेजाम किया गया है।

### स्कूलों में मनाई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



रायपुर। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 94वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को शहर सीरत-उन-नबी कमेटी द्वारा शहर के कई विद्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नूरानी स्कूल पंडरी, इक़रा स्कूल राजातालाब, अंजुमन स्कूल शास्त्री बाज़ार, ग़रीब नवाज़ स्कूल बैजनाथपारा, द सीड्स होलिस्टिक पब्लिक स्कूल शास्त्री बाज़ार तथा शहर के अन्य विद्यालयों में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेन, पेंसिल, चॉकलेट एवं अन्य अध्ययन सामग्री उपहारस्वरूप भेंट की गई तथा उन्हें शिक्षा के महत्व और "क़लम की ताक़त" के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. कलाम के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कमेटी के पदाधिकारी मोहम्मद सिराज, शेख़ शकील, अब्दुल नादिर ख़ान सबीहुद्दीन अहमद, शेख शकील, एजाज़ ख़ान, फ़िरोज़ ख़ान, अब्दुल नादिर ख़ान, मोहम्मद इसरार, शेख यूनुस अशरफ़ी, हाशिम ख़ान, गुड्डा सेठी, मोहम्मद सद्दाम, शफ़ीक़ ख़ान, ज़ियाउद्दीन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन की फिर तारीख बढ़ाई

रायपुर। एमबीबीएस-बीडीएस की सीटों पर प्रवेश के मॉपअप राउंड में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रवेश की तारीख फिर बढ़ा दी है। अब 16 से 23 अक्टूबर तक आवेदन और च्वाइस फीलिंग का मौका दिया गया है। अन्य कार्यवाही पूरी करने के बाद एडमिशन 28 से 31 अक्टूबर के बीच पूरा किया जाएगा। मेडिकल एवं डेंटल के यूजी एडमिशन के दौरान काउंसिलिंग शेड्यूल में संशोधन किया जा रहा है। इस बार तीसरे अर्थात मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग सारिणी में बदलाव किया गया है। पूर्व शेड्यूल के अनुसार बुधवार को आवंटन सूची जारी कर गुरुवार से स्क्रूटनी और एडमिशन किया जाना था। इस प्रक्रिया में बदलाव कर 16 से 23 तक ऑनलाइन आवेदन और संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दिवाली के बाद 24 को मेरिट लिस्ट और 25 को सीट आवंटन कर 28 से 31 अक्टूबर तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## चैंबर ने जयस्तंभ चौक पर किया दीप वितरण



रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी वस्तुओं की मांग और महत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से जयस्तंभ चौक पर दीप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आम जनता को मिट्टी के दीयों के पैकेट निःशुल्क वितरित किए गए। इस मौके पर श्री थौरानी ने कहा, दीपावली खुशियों का पर्व है, और इन खुशियों को साझा करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम अपने स्थानीय कारीगरों और छोटे दुकानदारों को समर्थन दें। मिट्टी के ये दिए सिर्फ रोशनी नहीं हैं, बल्कि हमारे देश की मिट्टी और हस्तशिल्प की पहचान हैं।

दीप वितरण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, सलाहकार-किशोर आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष-राधाकिशन सुंदरानी, कार्यकारी महामंत्री-कपिल दोशी, उपाध्यक्ष-लोकेश चंद्रकांत जैन, दिलीप इसरानी, डॉ. गोपाल चावला, शांतिलाल बरड़िया, सोनिया साहू, जितेंद्रशादीजा, मनीष प्रजापति, अमरदास खट्टर, गिरीश पटेल, महेन्द्र कुमार बागड़ोदिया, मंत्री-प्रशांत गुप्ता, राजेन्द्र पारख, सतीश बागड़ी, शंकर पिंजॉनी, विनोद पाहवा,आलोक शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोतसिंघानी, गोलबाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष दिनेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रामीण के दावेदारों से आज, कल शहर अध्यक्ष का दावा करने वालों से मिलेंगे

# शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष पर मंथन जारी पर्यवेक्षक आज कई संगठनों से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में कांग्रेस संगठन में लोकतांत्रिक भागीदारी और संवाद को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक प्रबुद्धजन, व्यापारी बंधु एवं पत्रकार अब सीधे केंद्रीय पर्यवेक्षक से मिलकर रायपुर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर अपनी राय एवं सुझाव देंगे।

पर्यवेक्षक ने मुलाकात गुरुवार को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक स्थान कांग्रेस भवन, गांधी मैदान मे रखा गया है। इस अवधि में व्यापारी, सामाजिक संगठन प्रतिनिधि और पत्रकार बंधु केंद्रीय पर्यवेक्षक से मिलकर संगठन सृजन अभियान के प्रति अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।




### आज ग्रामीण अध्यक्ष के दावेदारों से चर्चा

इसके बाद दोपहर 3 बजे से ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के दावेदारों की वन टू वन चर्चा केंद्रीय पर्यवेक्षक के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक दावेदार अपनी बात और दृष्टिकोण रखेगा। ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए लोग युवा और सक्रियता को ध्यान में रखकर अपना मत दे रहे थे। दावेदारों में नगर निगम रायपुर के तीन बार के पूर्व पार्षद और एमआईसी मेंबर नागभूषण राव और धनेंद्र साहू के पुत्र प्रवीण चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष उधो राम वर्मा, खिलेश्वर देवांगन, राजेंद्र पप्पू बंजारे और विपिन मिश्रा शामिल हैं।

### कल शहर अध्यक्ष के दावेदारों से वन टू वन

17 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे द्वारा रायपुर शहर अध्यक्ष पद के दावेदारों से व्यक्तिगत वन टू वन चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने कहा, संगठन सृजन अभियान कांग्रेस के भीतर लोकतंत्र को और गहरा करने का प्रयास है। हर कार्यकर्ता, व्यापारी, सामाजिक प्रतिनिधि और पत्रकार साथी की राय संगठन के लिए मूल्यवान है। शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारों में सुबोध हरितवाल, श्रीकुमार मेनन, दीपक मिश्रा, विनोद तिवारी, देवेंद्र यादव, पंकज मिश्रा, धनश्याम राजू तिवारी, अजय साहू, कन्हैया अग्रवाल, सुनील कुकरेजा सहित कई अन्य नाम सामने आ रहे हैं।

## कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु और अनुज सम्मानित



रायपुर। विश्व मानक दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा और अनुज अरोरा को सम्मानित किया। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि विश्व मानक दिवस पर कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष एवं एबीएस पॉली प्लास्ट की संचालक मधु अरोड़ा एवं अनुज अरोड़ा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया है।

■ विश्व मानक दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मान

मधु अरोरा ने बताया कि हर साल 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, विशेषज्ञों और संगठनों के योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जो विश्वभर में उत्पादों, सेवाओं और प्रणालियों के मानक तय करते हैं। मानक हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं चाहे वह बिजली के सॉकेट हों, मोबाइल नेटवर्क, दवाओं की गुणवत्ता या खाद्य पदार्थों की सुरक्षा।

## यातायात व्यवस्था की उतारी नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में दिन-प्रतिदिन बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग को लेकर आज एनएसयूआई ने अतिरिक्त यातायात पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने विरोध करते हुए नीबू-मिर्ची लेकर यातायात विभाग की नजर भी उतारी। एनएसयूआई का कहना है कि शहर के मुख्य क्षेत्रों जैसे- लोधीपारा, शंकरनगर, मोवा और पंडरी में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। अवैध पार्किंग, सड़कों पर ठेले-हॉकर्स का कब्जा, बिना सिग्नल वाले चौराहे और ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण आम नागरिकों, विशेषकर छात्रों और कार्यालय जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राजधानी की सड़कों पर ओवरलोड वाहन और तेज रफ्तार ड्राइवर भी दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहे हैं।

■ छात्रों ने कहा, समय पर पहुंच पा रहे स्कूल

### लगाई जाए विशेष ड्यूटी

छात्र संगठन ने कहा, यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल की मरम्मत एवं नए सिग्नल की स्थापना, स्कूल-कॉलेज एवं कार्यालय समय में ट्रैफिक पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई, सड़क किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही उनकी मुख्य मांग रही। एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इस दौरान मोनू तिवारी, पुनेश्वर लहरे, अंकित बंजारे, हिमांशु तांडी, मनीष बांधे, अर्सलान शेख, तिरुपति राव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रायपुर के सराफा कारोबारी से उठाईगिरी, दो अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/बिलासपुर

अंबिकापुर से रायपुर लौट रहे रायपुर के सराफा कारोबारी किशोर कुमार रावल की नौ सौ ग्राम सोने की ज्वेलरी तथा नकदी सात लाख रुपए उठाईगिरी करने के दो आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महाराष्ट्र पासिंग एक बोलेरो कार जब्त की है। अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर रही है।

सराफा कारोबारी किशोर कुमार 12 अक्टूबर को अंबिकापुर में सराफा कारोबारियों को जेवर बेचने के बाद एक निजी ट्रैवल्स एजेंसी की बस से रायपुर लौट रहा था। उसकी नींद खुली। इस पर उसे बैग चोरी होने की जानकारी मिली।

बस में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करने पर दो अज्ञात चोर बैग चोरी करते दिखे। साथ ही कुछ अन्य रतनपुर के पास तड़के चार बजे बस से उतरते दिखे।

### रैकी करने के बाद चोरी

सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने फूटेज के आधार पर संदेहियों की पहचान कर चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों का अंबिकापुर में सोना गलाई का कारखाना होने की बात सामने आई है। दोनों महाराष्ट्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा महाराष्ट्र से अपने दो अन्य साथियों को बुलाकर कारोबारी के साथ उठाईगिरी करना बताया जा रहा है। उठाईगिरी करने वालों को कारोबारी के बारे में पहले से जानकारी थी। रैकी करने के बाद कारोबारी के साथ बदमाशों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया है।

## पीएमजेएवाय में छग को राष्ट्रीय सम्मान

### आयुष्मान योजना में पंजीकृत 97 फीसदी अस्पताल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के उत्कृष्ठ कार्यों और जीरो पेंडेंसी के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया गया है। पड़ोसी राज्य एमपी के 62 और देश के औसत 52 फीसदी की तुलना में आयुष्मान योजना के तहत यहां पंजीकृत 97 फीसदी अस्पताल सक्रिय हैं। विभागीय प्रयास से यहां आने वाले संदिग्ध क्लेम में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

■ उत्कृष्ठ कार्यों और जीरो पेंडेंसी के प्रयासों के लिए मिला सम्मान

भोपाल में आयोजित एनएचए कॉन्क्लेव के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ सुनील कुमार बर्नवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य नोडल एजेंसी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर (ऑपरेशन) धर्मेंद्र गहवई को सर्टिफिकेट प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित हुई कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार आयुष्मान भारत योजना को एक एजेंडे के रूप में शामिल किया गया था। इसमें सभी जिलों में योजना की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। इस योजना की निगरानी करने वाली राज्य नोडल एजेंसी द्वारा कई सशक्त कदम उठाए गए, जिनमें संदिग्ध दावों की पहचान कर व्यापक फील्ड ऑडिट, क्लेम प्रोसेसिंग के टर्न-अराउंड टाइम में कमी, हितधारकों का उन्मुखीकरण एवं संवेदनशीलता प्रशिक्षण, स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट का गठन और एम्पैनल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स के साथ नियमित संवाद एवं समन्वय तंत्र की स्थापना की। इससे एनएचए की समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ में संदिग्ध दावों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक पाई गई।



### कार्रवाई भी हुई

विभागीय टीम ने जनवरी–फरवरी 2025 के बीच राज्यभर में 52 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। योजना के मानकों का पालन न करने पर 45 अस्पतालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई। साथ 32 हजार से अधिक मामलों में फील्ड ऑडिट किए गए, जिससे फर्जी दावों की रोकथाम और दावे निपटान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया गया। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की तिमाही समीक्षा बैठक में इस योजना को प्रमुख एजेंडा बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से संदिग्ध दावों की संख्या में भारी गिरावट आई है। पहले प्रति सप्ताह 2 हजार से अधिक संदिग्ध क्लेम दर्ज होते थे। अब यह घटकर 500 से भी कम रह गया है। वहीं क्लेम अप्रूवल का समय घटकर अब केवल 7 से 10 दिन रह गया है।

### प्रशासनिक प्राथमिकता के रूप में योजना : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि पर कहा है कि पीएमजेएवाय को सभी जिलों की समीक्षा बैठकों के प्रमुख एजेंडा में शामिल किया गया है। राज्य स्तर पर भी प्रत्येक माह जिलों के साथ समीक्षा कर योजना की प्रगति का आकलन किया जा रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी पात्र परिवारों को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अल्प समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार करते हुए अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाया है।

### दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। आपरेशन निश्चय के तहत एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट और थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने रहीम सोनवानी, विकास मसीह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्करों के कब्जे से पुलिस ने पौने सात किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों को सुभाष नगर देवारपारा स्थित शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है।

## शहरी वित्तीय सशक्तिकरण और जलवायु अनुकूल विकास पर विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जापान के टोयोटा शहर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम के दूसरे दिन के सत्रों में बुधवार को रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने प्रतिभागी के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। फोरम में दिनभर विश्वभर के महापौर एवं विशेषज्ञों ने शहरी वित्तीय सशक्तिकरण, निवेश प्रबंधन और जलवायु अनुकूल विकास पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा इन सत्रों में कुछ नए अनुभव मिले, जिन्हें आने वाले समय में रायपुर नगर निगम में क्रियान्वित करना चाहूंगी। अंतर्राष्ट्रीय मेयर फोरम 2025 में अलग-अलग सत्र के दौरान ग्रीन बांड्स, पीपीपी मॉडल वित्तीय नवाचारों के माध्यम से स्थानीय निकायों की आर्थिक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। 14 से 16 अक्टूबर आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में विश्व के विभिन्न नगरों और संयुक्त राष्ट संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। फोरम का मुख्य फोकस सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीय स्तर पर क्रियान्वयन और नवाचारपूर्ण शहरी विकास पर केंद्रित है। फोरम के पहले दिन प्लास्टिक रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने, स्कूलों में कचरा सेग्रीगेशन के प्रति जागरूकता लाने इसे शिक्षा प्रणाली में शामिल करना प्रमुख रहा। प्रतिनिधियों ने बताया कि अपशिष्ट से उपयोगी उत्पाद बनाकर न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं।

■ महापौर मीनल चौबे ने कहा- कुछ नए अनुभव मिले



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411